राजस्थान सरकार
ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग
(अनुभाग–3, महात्मा गांधी नरेगा)

अति आवश्यक

क्रमांक एफ 70( )ग्रावि / नरेगा / प्रशि. / मु.ज.स्वा.अभि. / आईईसी / 2015–16 जयपुर, दिनांक 1 APR, 2016

1. **संभागीय आयुक्त, जयपुर।**
2. **जिला कलेक्टर,**
   जिला जयपुर,दौसा,झुन्झुनु,सीकर,अलवर।

विषय– मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान की समीक्षा बाबत् ।
सन्दर्भ– आदेश क्रमांक क्रमांक_एफ 70( )ग्रावि / नरेगा / प्रशि. / मु.ज.स्वा.अभि. / 2015–16 जयपुर,दिनांक 21.03.2016 के क्रम में।

महोदय

मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान की समयबद्ध क्रियान्विति,गुणवत्ता पूर्ण कार्य सम्पादन, योजना क्रियान्विति के सम्बन्ध में आवश्यक मार्गदर्शन एवं कठिनाइयों आदि के निराकरण आदि के सम्भाग प्रभारी के रुप में सन्दर्भित पत्र दिनांक 21.03.2016 के माध्यम से प्रति सोमवार साप्ताहिक प्रगति रिपोर्ट प्रेषित करने तथा पत्र में वर्णित 11 बिन्दुओं की कार्यवाही कर रिपोर्ट अद्योहस्ताक्षरकर्ता को अवगत कराने की अपेक्षा की गई थी। परन्तु आपके स्तर से इस सम्बन्ध में कोई प्रगति अथवा जानकारी प्राप्त नहीं हुई है।

राज्य स्तर पर इस अभियान की प्रति बुधवार साप्ताहिक समीक्षा की जा रही है। मुख्य सचिव महोदय द्वारा वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से भी समीक्षा किया जाना प्रस्तावित है। अतः निम्नानुसार कार्यवाही कर प्रगति से अवगत करावें।

1. मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान की मुख्य गतिविधियों की साप्ताहिक प्रगति रिपोर्ट संलग्न प्रारुप में जरिये ईमेल **oicshree@gmail.com** पर भिजवावें।
2. मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान में **मोबाईल एप** के माध्यम से कार्यो की भौतिक प्रगति की समीक्षा का प्रावधान किया गया है। अतः समस्त कार्यो की भौतिक प्रगति रिपोर्ट **मोबाईल एप** के माध्यम से **मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान की वेवसाईट www.water.rajasthan.gov.in** पर अपलोड करावें।
3. अभियान के दौरान स्वीकृत किये जाने वाले कार्यो का विवरण, कार्य की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति आदि कार्यो को **एमआईएस** पर नियमित अपलोड करावें।
4. मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान के प्रथम चरण के गांव में GEO Tagging से प्राप्त सूचनाओं के अनुसार गांव का कुछ भाग सर्वे करने से छूट गया है। जिसकी सूचना एवं नक्शे जरिये मेल राज्य स्तर से आपको भिजवाये गये हैं। इन स्थानों का शीघ्र सर्वे कराकर आवश्यक गतिविधियों के कार्य स्वीकृत कर सम्पादित करावें।
5. मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान के प्रचार प्रसार हेतु **अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद को आईईसी का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।**

आईईसी गतिविधियों की निरन्तर समीक्षा करें तथा प्रथम चरण के गांवों में नियमित आईईसी गतिविधि संचालित करावें।

6. जन सहयोग हेतु जो सहमतियां प्राप्त हुई हैं, उनके विरुद्ध वास्तव में कितना जनसहयोग नगद, श्रमदान,मशीनरी आदि में कितना प्राप्त हुआ है एवं कितना शेष है की सूचना भिजवावें।
7. आपके जिले द्वारा किये गये अच्छे कार्यों की **सफलता की कहानी** पीआरओ के माध्यम से **पीआरओ रिवर बेसिन एवं जल संसाधन आयोजना प्राधिकरण, राज. जयपुर** को नियमित रुप से भिजवावें।

नोट– सम्भाग स्तर पर जिला कलेक्टर्स की समीक्षा बैठक की तिथि एवं समय से अवगत करावें। जिससे अद्योहस्ताक्षरकर्ता द्वारा सम्भाग मुख्यालय पर जिलों द्वारा मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान की क्रियान्विति की नियमित समीक्षा भी की जा सके।

संलग्न – उपरोक्तानुसार

3/4/16

(रोहित कुमार)
आयुक्त, (ईजीएस)

प्रतिलपि – निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु

1. विशिष्ट सहायक, अध्यक्ष, रिवर बेसिन एवं जल संसाधन आयोजना प्राधिकरण, राज. जयपुर।
3. निजी सचिव, शासन सचिव एवं आयुक्त पंचायती राज।
4. निजी सचिव, सम्भाग प्रभारी, सम्भाग जयपुर ।
5. निजी सचिव, जिला प्रभारी सचिव, जयपुर,दौसा,झुन्झुनु,सीकर,अलवर ।
6. आयुक्त, जल ग्रहण विकास एवं भू संरक्षण विभाग।
7. परियोजना निदेशक (ईजीएस) जयपुर सम्भाग के जिलों में मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान की गतिविधियों की समीक्षा कर आयुक्त महोदय ईजीएस को निरन्तर अवगत कराने हेतु।
8. मुख्य कार्य0 अधि0 एवं अति0 जिला कार्यक्रम समन्वयक ईजीएस जि0प0 समस्त राजस्थान।
9. अतिरिक्त आयुक्त (प्रथम) ईजीएस को अपलोड कराने हेतु।
10. पीडी एम एण्ड ई वेवसाईट एमजेएसए हैड में अपलोड हेतु।
11. रक्षित पत्रावली

परियोजना निदेशक, ईजीएस

MJSA Progress of Jaipur Divission

Sr. No.	Activity	Dist. Name									
		Alwar		Dausa		Jaipur		Jhunjhunu		Sikar	
		Expected	Completed	Expected	Completed	Expected	Completed	Expected	Completed	Expected	Completed
1	Sanction of works as per DPR										
2	Position of Tenders, work orders of Sanction works										
3	Road Map for Completion of works										
4	Position of GEO TAGGING										
5	Updation of 18A & 18B										
6	Updation of Informetion on MIS										
7	Position of Donnation										
8	position of reporting progress by mobile APP										
9	Servey Position of area left for servey previously										

District Colletor
Dist.........................